हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 दिसंबर, 2025

11 सैंड आर्ट शो के माध्यम से दिखाई चार साहिबजादों की शौर्य गाथा



12 एसपी की खरी-खरी, नशा बिकता मिला तो थाना प्रभारी व...



## खबर संक्षेप

### टोहाना से युवक लापता पुलिस ने केस दर्ज किया

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना से एक युवक के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 18, नजदीक रविदास मोहल्ला, टोहाना निवासी सुशील मित्तल ने कहा है कि उसका 20 वर्षीय लडक़ा मोहित मित्तल 13 दिसंबर को सुबह करीब 9:40 पर अपनी मां को कहकर गया था कि वह आर्यन कम्प्यूटर सैंटर, टोहाना जा रहा है। इसके बाद से वह वापस घर नहीं आया है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित दो युवकों को पकड़ा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में दो तकरों को हेरोइन सहित काबू किया है। एएनसी सेल फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एएसआई राम अवतार के नेतृत्व में एएनसी टीम गश्त व नशा विरोधी चेकिंग पर थी। इसी दौरान गांव कुकड़ावाली के गऊशाला मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल सवार युवक पुलिस वाहन की लाल-नीली बत्ती देखकर अचानक पीछे मुडऩे का प्रयास करने लगा।

### गाड़ी से बरामद किया डोडा पोस्त, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया ने नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद क्षेत्र में एक टाटा ऐस गाड़ी से कचरा डोडा पोस्त बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। सीआईए रतिया के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि एएसआई प्रेम कुमार के नेतृत्व में टीम अपराध रोकथाम व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, ट्रैक्टर चालक काबू

**फतेहाबाद।** सडक़ हादसे में युवक की मौत होने के मामले में सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चालक की पहचान सुखचैन पुत्र कृष्ण कुमार निवासी ढाणी चाणचक, अयाल्की के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त सोनालिका ट्रैक्टर बरामद किया गया। थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरिक्षक सादीराम ने बताया कि 8 दिसंबर को टोहाना-रतिया रोड पर गांव जापतेवाला बस अड्डा के पास तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाए जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने आल्टो कार को टक्कर मार दी।

### चोरी के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** टोहाना में स्क्रैप की दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को भी धर दबोचा है। आरोपी की पहचान रवि कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी समाना, जिला पटियाला के रूप में हुई है। इस मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कार सवार युवकों से पिस्तौल-तलवार बरामद

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने के आरोप में रतिया पुलिस ने कार सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई सुरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम नागपुर से सरदूलगढ़ रोड स्थित बस अड्डा खुनन के पास गश्त व वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सरदूलगढ़ की ओर से एक फोर्ड फिगो कार में सवार दो व्यक्तियों के पास अवैध हथियार हैं। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए तुरंत नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की गई।

---

अभूतपूर्व सफलता से गांव, क्षेत्र और प्रदेश हुआ गौरवान्वित

# बैजलपुर के बेटे हरि सिंह मांगलोदा ने रचा कीर्तिमान, संघ लोक सेवा आयोग की अभियंत्रण सेवा परीक्षा में देशभर में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

जिले के गांव बैजलपुर के होनहार युवा हरि सिंह मांगलोदा ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय अभियंत्रण सेवा परीक्षा में देश भर में तीसरा स्थान प्राप्त कर एक नया इतिहास रच दिया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा बैजलपुर गांव, क्षेत्र और प्रदेश गौरवान्वित हुआ है। जैसे ही यह शुभ समाचार गांव में पहुंचा, लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। हरि सिंह मांगलोदा की यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा किसी बड़े शहर या विशेष संसाधनों की मोहताज नहीं होती। गांव की साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह ऊंचा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने यह साबित कर दिया कि गांव की मिट्टी में भी ऐसे होनहार पैदा होते हैं, जो देश को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उनकी सफलता आज ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

## गौरव पट्ट पर सुनहरे अक्षरों में अंकित होगा नाम, परिवार ने दी बधाई

### सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए बनी प्रेरणा

इस ऐतिहासिक सफलता पर ग्राम पंचायत बैजलपुर की ओर से घोषणा की गई है कि हरि सिंह मांगलोदा का नाम गांव के गौरव-पट्ट पर सुनहरे अक्षरों में अंकित किया जाएगा। पंचायत के इस निर्णय से गांववासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने इसे पूरे गांव के सम्मान से जोड़ा। ग्राम पंचायत के सरपंच हेमंत बैजलपुरिया ने हरि सिंह व उनके माता-पिता और समस्त परिवार को हृदय से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हरि सिंह ने बैजलपुर का नाम पूरे देश में रोशन किया है और उनकी यह सफलता आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देगी।



भूना। गांव बैजलपुर के हरि सिंह मांगलोदा को बधाई देते अध्यापक व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### शिक्षकों ने घर पहुंचकर दिया आशीर्वाद

इस अवसर पर हरि सिंह के शिक्षक पुष्पा देवी झुंझाड़ व प्रदीप बंसल ने अपने शिष्य की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। वे स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्होंने बताया कि हरि सिंह प्रारंभ से ही परिश्रमी, अनुशासित और लक्ष्य के प्रति समर्पित विद्यार्थी रहे हैं। इस अवसर पर हरि सिंह के पिता रामेश्वर दास मांगलोदा के अलावा अजीत सिंह झाझड़िया, महेंद्र सिंह, रोहताश कुमार, कुलदीप सिंह, रण सिंह ओला, संदीप कुमार, जयबीर सिंह सहित अनेक ग्रामीण और शुभचिंतक शामिल रहे। सभी ने मिठाई खिलाकर, शुभकामनाएं देकर और आशीर्वाद देकर हरि सिंह की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

---

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन: अपराधियों के नेटवर्क पर चला चाबुक

# 42 ठिकानों पर रेड, 4 मामले दर्ज कर 8 दबोचे, लाखों की हेरोइन बरामद

- संदिग्ध क्षेत्रों में गहनता से चैकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा रहा: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

पुलिस ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत अपराधियों के 42 ठिकानों पर दबिश देकर 4 मामले दर्जकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों के कब्जे से लाखों रुपये की 93 ग्राम 214 मिलीग्राम हेरोइन बरामद करने में सफलता हालिस की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस की सक्रियता से न केवल अपराधिक तत्वों की गतिविधयों पर अंकुश लगा है, बल्कि संदिग्ध क्षेत्रों में गहनता से चैकिंग कर सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी के तहत एबीवीटी स्टाफ ने शहीद भगत सिंह स्टेडियम के नजदीक से बाइक सवार एक नौजवान युवक उमेश कुमार निवासी गांव फुलकां को गिरफ्तार कर उसके कब्जा से लाखों रुपए की 50 ग्राम 84 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई।



सिरसा। पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी। फोटो: हरिभूमि

### अन्य घटना में पुलिस की कार्रवाई

एसपी ने बताया कि एक अन्य घटना में एंटी नारकोटिक्स सेल ने शक के आधार पर दो बाइक सवार युवकों पंकज कुमार निवासी रानियां रोड व लवप्रीत सिंह निवासी राम कॉलोनी की तलाशी ली तो उनके कब्जा से 25 ग्राम 10 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम दो युवकों रवि कुमार निवासी बुढाभाना व पवन निवासी किराडक्रोट की शक के आधार पर तलाशी ली तो उनके कब्जा से 10 ग्राम 59 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### फतेहाबाद पुलिस ने अब तक 74 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में अपराधमुक्त वातावरण और नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के उद्देश्य से चल रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत अब तक 74 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिले में सभी थाना/यूनिट स्तर पर विशेष टीमों ने मोहल्लों, ग्रामीण बेल्ट, बाजार क्षेत्रों और नशा प्रभावित पॉकेट्स में लगातार कॉम्बिंग की। अभियान के दौरान पुलिस ने अब तक 74 आरोपियों को काबू किया। छापेमार टीमों द्वारा अब तक 3620 नशीली गोलियां, 2.706 किलोग्राम अफीम, 149.33 ग्राम हेरोइन, 29.220 किलोग्राम डोडा पोस्त, 762 ग्राम गांजा, 44 बोतलें अवैध शराब व 230 लीटर लाहन तथा 56,220 नकदी बरामद की गई है। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस ने केवल नशा नेटवर्क तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि हिंसक व संगठित अपराध के खिलाफ बड़े स्तर पर कड़े कदम उठाए गए हैं। 32 फरार आरोपी गिरफ्तार किए गए वहीं 7 आरोपियों की संपत्ति कुर्क की गई। 8 के विरुद्ध एलओसी जारी की गई तथा 9 के पासपोर्ट रद्द करने हेतु प्रस्ताव भेजे गए हैं। एसपी ने बताया कि फरार व इंटर-स्टेट अपराधियों की लोकेशन और निगरानी को लेकर जिला पुलिस ने 46 संदिग्ध व्यक्तियों कि अन्य राज्यों के साथ महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान-प्रदान किया, जिससे कई मामलों में त्वरित कार्रवाई संभव हुई। अभियान के दौरान पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए 233 जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान की।

---

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# रबी फसलों का 31 तक बीमा जरूर कराएं किसान : डीसी

- गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी फसलों का बीमा किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

डीसी ने जिला के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना योजना का लाभ लेने के लिए रबी फसलों का बीमा अवश्य करवाने का आह्वान किया है। पीएमएफबीवाई के तहत 2025-26 के लिए रबी की फसलों का बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। डीसी डॉ. विवेक भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौजूदा रबी सीजन में गेहूं, चना, सरसों, जौ और सूरजमुखी फसलों का बीमा किया जा रहा है। किसान द्वारा रबी फसलों का देय प्रीमियम बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत रहेगा तथा शेष प्रीमियम का भुगतान राज्य और केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेमौसमी बारिश, ओलावृष्टि व जलभराव से फसल में नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर देय होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत किसी गांव में फसल की औसत पैदावार पूर्व निर्धारित पैदावार से कम होने पर क्लेम गांव के सभी बीमित किसानों को दिया जाएगा। फसल कटाई के 14 दिनों के अंदर (फसल सूखने के लिए रखी गई हो) नुकसान होने पर क्लेम खेत स्तर पर दिया जाएगा।

### यह रहेगी प्रीमियम की राशि

*प्रति एकड़ के हिसाब से गेहूं की फसल के लिए बीमित राशि 32523.80 रुपये और किसान द्वारा दी जाने वाली प्रीमियम राशि 487.86 रुपये, चना के लिए बीमित राशि 15986.31 रुपये और प्रीमियम राशि 239.79 रुपये, जौ के लिए बीमित राशि 20727.21 रुपये और प्रीमियम राशि 310.91 रुपये, सरसों के लिए बीमित राशि 21829.57 रुपये और प्रीमियम राशि 327.44 रुपये तथा सूरजमुखी फसल के लिए बीमित राशि 22050.13 रुपये और किसान द्वारा दिए जाने वाली प्रीमियम राशि 330.75 रुपये निर्धारित की गई हैं। जिन किसानों को अपनी फसलों का बीमा करवाना है, वे अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, नवीनतम भूमि रिकॉर्ड/जमाबंदी, बुआई प्रमाण पत्र तथा मेरी फसल मेरा ब्योरा सहित संबंधित बैंक या सीएससी केंद्र के माध्यम से बीमा करवा सकते हैं।*

---

# बेटे के डकैती व मर्डर केस में फंसने की बात कहकर 1.40 लाख ठगे

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

बेटे के डकैती और मर्डर केस में फंसने की बात कहकर साइबर ठगों ने जाखल के एक व्यक्ति से एक लाख 40 हजार रुपये ठग लिए। ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जाखल के पार्षद विक्रमजीत सिंह का पिता है। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने इस बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने गुरूवार को अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में नई बस्ती जाखल निवासी विक्रमजीत सिंह ने कहा है कि वह जाखल मण्डभ् से मौजूदा पार्षद है। उसका छोटा भाई हर्षदीप पटियाला में एक मेडिकल पर काम करता है। 15 दिसंबर को उसके पिता राजकुमार के मोबाइल पर व्हाटसअप कॉल आई, जिसने कहा कि उसका लड़का हर्षदीप जोकि मेडिकल पर काम करता है, रात को हुई डकैती व मर्डर में शामिल है। अन्य लड़कों के साथ हर्षदीप को भी पुलिस ने उठा लिया है।

### साइबर क्राइम पोर्टल पर दी शिकायत

*शिकायतकर्ता ने कहा कि डर के चलते उसके पिता ने पैसे देने के लिए हां कह दिया और किसी को इस बारे में कुछ नहीं बताया। उसके बाद उसके पिता ने एसबीआई बैंक खाते से उन लोगों द्वारा दिए गए खाते में एक लाख 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पार्षद विक्रमजीत ने बताया कि इसके बाद उसके पिता ने उसे इस बारे में बताया। इस पर उन्होंने हर्षदीप के साथ बात की तो उसने बताया कि उसके साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ है। वह तो मेडिकल पर रहा है। पार्षद ने बताया कि इस पर उन्हें पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके साथ साइबर फ्रॉड करते हुए एक लाख 40 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी की है। इस पर उसने इस बारे नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई गई है।*

---

# पुलिस ने भारी वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

- सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद ने धुंध और घटती दृश्यता के कारण होने वाली सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गुरूवार को भी रिफ्लेक्टर लगाओ अभियान जारी रखा। थाना ट्रैफिक फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे-9, करनोली मोड के आसपास ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य भारी वाहनों में लगातार रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। इससे धुंध या रात के समय वाहन चालकों को सडक़ पर चल रहे वाहनों की स्पष्ट जानकारी मिलेगी और संभावित दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक कम होगी। उपनिरीक्षक जय सिंह ने कहा कि इसके साथ-साथ ड्राइवरों को वाहन अपने लेन में चलाने, तेज गति से बचने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान सडक़ सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ समुदाय में जागरूकता फैलाने का भी प्रयास है।




फतेहाबाद। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### लोगों से अपील

*फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे धुंध और कम रोशनी वाले समय में वाहन चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें, वाहनों के रिफ्लेक्टर की उपस्थिति पर ध्यान दें और नियमों का पालन करें। इस पहल के माध्यम से ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि सडक़ सुरक्षा सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह प्रयास न केवल दुर्घटनाओं को रोकने में सहायक होगा, बल्कि पुलिस की सकारात्मक छवि को भी मजबूती प्रदान करेगा।*

---

**धर्म-कर्म** झाड़ साहब सरोवर और मंदिरों में स्नान कर की जाएगी विशेष पूजा

# साल की अंतिम अमावस्या आज, पितृ तर्पण, स्नान व दान का विशेष महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

साल की अंतिम और पौष माह की अमावस्या आज शुक्रवार 19 दिसंबर को विशेष संयोग में मनाई जाएगी। जिले के धार्मिक स्थलों के सरोवरों में स्नान कर श्रद्धालु पूजा करेंगे। शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार पौष अमावस्या तिथि की शुरुआत आज 19 दिसंबर को सुबह 4 बजकर 59 मिनट पर होगी और इसका समापन 20 दिसंबर सुबह 7 बजकर 12 मिनट पर होगा। उदया तिथि के नियम के अनुसार अमावस्या से जुड़े पितृ तर्पण, स्नान और दान जैसे शुभ कार्य 19 दिसंबर को ही किए जाएंगे। पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि को विशेष महत्व दिया गया है, खासकर जब यह पौष मास में आती है। राजेश शर्मा के अनुसार पौष अमावस्या को पितरों को समर्पित माना जाता है और इस दिन स्नान, दान, तर्पण और जप का विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए पितृ कर्मों से पितर प्रसन्न होते हैं और अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसके साथ ही, पौष अमावस्या का शुक्रवार के दिन पडऩा माता लक्ष्मी की कृपा से जुड़ा शुभ संयोग भी बना रहा है। मान्यताओं के अनुसार, शुक्रवार को श्रद्धा भाव से किया गया दान और पुण्य कर्म आर्थिक स्थिरता, सुख और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अमावस्या के दिन पितर धरती पर आते हैं और अपने वंशजों के किए गए कर्मों से प्रसन्न होकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।





फतेहाबाद। गुरुद्वारा झाड़ साहिब व गुरुद्वारा झाड़ साहिब में बना सरोवर। फोटो: हरिभूमि

### सूर्य और चंद्रमा एक ही राशि में होंगे



पंडित राजेश शर्मा के अनुसार पौष अमावस्या के दिन कई शुभसंयोग बन रहे हैं, जिन्हें धार्मिक दृष्टि से अत्यंत फलदायी माना जाता है। अमावस्या तिथि पितृ कार्यों के लिए विशेष रूप से श्रेष्ठ मानी गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सूर्य और चंद्रमा का एक ही राशि में होना अमावस्या का मुख्य ज्योतिषीय आधार होता है, जो पितृ तर्पण और आत्मशुद्धि के लिए अनुकूल माना जाता है।

### शुभ मुहूर्त और योग

⏭पौष अमावस्या के दिन कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं, जिनमें धार्मिक कार्य करना विशेष फलदायी माना जाता है।

⏭**ब्रह्म मुहूर्तः** सुबह 5 बजकर 19 मिनट से 6 बजकर 14 मिनट तक रहेगा। इस समय स्नान, ध्यान, जप और तर्पण करना अत्यंत शुभ माना जाता है।

⏭**अमृत कालः** सुबह 9 बजकर 43 से 11 बजकर 01 मिनट तक होगा। इस समय किए गए शुभ कार्यों को विशेष सिद्धि प्राप्त होती है।

⏭**अभिजीत मुहूर्तः** दोपहर 11 बजकर 58 मिनट से 12 बजकर 39 मिनट तक होगा। यह समय सार्वभौमिक रूप से शुभमाना जाता है।

⏭**राहुकालः** 11 बजकर 01 मिनट से 12 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। इस दौरान शुभकार्यों से बचने की सलाह दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### प्रो. सुशील कुमार बने डीन एकेडमिक अफेयर्स

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रो. सुशील कुमार ने वीरवार को बतौर डीन एकेडमिक अफेयर्स का कार्यभार संभाला। उल्लेखनीय है कि प्रो. सुशील एक अनुभवी, शोधोन्मुख तथा दूरदर्शी शिक्षाविद् हैं, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान, प्रशासनिक दक्षता तथा विद्यार्थी केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से निरंतर विश्वविद्यालय की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम विकास, शोध संवर्धन तथा नवाचार को नई ऊर्जा मिलेगी। वर्तमान में वे विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज के अधिष्ठाता का पद संभाल रहे हैं।

### ग्लोबल स्पेस में मकान से चोरी, क्षेत्रवासियों में रोष

**हिसार।** ग्लोबल स्पेस मैनेजमेंट में चोरी की घटनाएं बढ़ने से क्षेत्रवासियों में बिल्डर के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। हाल ही में रात्रि के समय यहां के मकान नंबर 525 में चोरी की घटना हुई। इस मकान से करीब डेढ़ लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान चोरी हो गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा चोरी वारदात की एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस घटना के बाद क्षेत्रवासियों में इन घटनाओं को लेकर रोष पैदा हो गया।

### वीर बाल दिवस पर सैंड आर्ट शो व जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित

# सैंड आर्ट शो के माध्यम से दिखाई चार साहिबजादों की शौर्य गाथा

- कलाकार मनीषा स्वर्णकार ने रेत कला से दिखाया गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों का बलिदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को स्थानीय द आर्यन स्कूल में सैंड आर्ट शो तथा जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस सैंड आर्ट शो के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान की शौर्य गाथा दिखाई गई। यह कार्यक्रम सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, शिक्षा विभाग तथा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आर्टिस्ट मनीषा स्वर्णकार द्वारा प्रस्तुत इस शो में चारों साहिबजादों की वीर गाथा और उनके सर्वोच्च बलिदान को जीवंत किया गया। कार्यक्रम में मंद संगीत और मार्मिक कथन के साथ, कलाकार ने रेत के कणों को आकार दिया, जिससे श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के इन बहादुर बेटों की कहानी दर्शाई गई। सैंड आर्ट शो में दिखाया गया कि बहुत ही कम आयु में दोनों साहिबजादों जोरावर सिंह, फतेह सिंह को जीवित दीवार में चिनवा कर शहीद कर दिया गया। यह दृश्य शहादत की गाथा को सर्वोच्च रूप से प्रदर्शित करता था। इसके अलावा दिखाया गया कि साहिबजादा अजीत सिंह तथा साहिबजादा जुझार सिंह मुगलों के साथ युद्ध करते हुए बलिदान हो गए, लेकिन मुगलों के सामने सिर नहीं झुकाया।



**सिरसा।** सैंड आर्ट शो के माध्यम से चार साहिबजादों की शौर्य गाथा दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### साहिबजादों के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विजय लक्ष्मी ने कहा कि सैंड आर्ट शो के माध्यम से चार साहिबजादों के जीवन का चित्रण किया गया। इस शो के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान एवं शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने बताया कि वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्कूली विद्यार्थियों की जिला स्तर पर चार भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी व संस्कृत में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। सैंड आर्ट शो देखने वाले गणमान्य व्यक्तियों व विद्यार्थियों ने कहा कि यह सैंड आर्ट केवल एक कला नहीं, बल्कि समृद्ध इतिहास और बलिदान की भावना को महसूस करने का एक माध्यम था। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अमित मनहर, द आर्यन स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता महेश्वरी, एबीआरसी पूजा, हरीश सेठी, संस्कृत अध्यापक हरिओम भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



**डबवाली।** पकड़े गए आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# बाइक छीनने के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

- सीआईए डबवाली ने गश्त के दौरान कार्रवाई कर छीनी गई बाइक बरामद की
- 14 दिसंबर को सिरसा रोड पर पीर दरगाह के पास हुई थी वारदात
- आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल छीनने की वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को काबू किया है। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि थाना शहर डबवाली में पारस ने पुलिस को शिकायत में बताया कि बीती 14 दिसम्बर को वह बाइक पर अपने दोस्त के सर्विस स्टेशन जा रहा था। जब वह सिरसा रोड पर पीर दरगाह के नजदीक पहुंचा तो आरोपियों ने उसकी बाइक रूकवाकर उससे छीनी और मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सीआईए स्टाफ डबवाली की टीम ने महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र करते हुए पांच आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान सगनदीप उर्फ सगन, सागर, साहिल प्रीत उर्फ लब्बी, सोनू सिंह निवासीगण गांव सिखवाला, जिला श्री मुक्तसर साहिब पंजाब तथा कुलदीप बाबा उर्फ माणक निवासी वार्ड नंबर 18, चौहान नगर, मंडी डबवाली के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से छीनी गई बाइक तथा वारदात में प्रयुक्त एक अन्य बाइक बरामद की गई है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# ऑनलाइन गेम के नाम पर 7.50 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- डबल पैसे कमाने का झांसा देकर मजदूरी व उधार की रकम हड़पी
- अन्य आरोपियों की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रजत कुमार पुत्र महेश कुमार निवासी शिव चौक, फतेहाबाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से ठगी में प्रयुक्त किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि इस संबंध में अरुण पुत्र संजय कुमार निवासी भट्टा कॉलोनी, फतेहाबाद द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी रजत झंडई उर्फ रजत मैहता तथा उसके साथी रितिक गोदारा निवासी सिरसा ने ऑनलाइन गेम में डबल पैसे कमाने का झांसा देकर शिकायतकर्ता को आईडी उपलब्ध करवाई और बार-बार नकद व ऑनलाइन माध्यम से पैसे लेकर गेम खिलवाया। इस दौरान शिकायतकर्ता ने अपनी मजदूरी, परिजनों एवं रिश्तेदारों से उधार लेकर कुल 7 लाख 50 हजार की राशि आरोपियों को दे दी। बाद में शिकायतकर्ता को ज्ञात हुआ कि दोनों आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत उसे जानबूझकर ऑनलाइन गेम में फंसाकर धोखाधड़ी की है, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान हो गया। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में 16 जुलाई को धारा 318(4)/61(1)/3(5) बीएनएस व 3,4 एचपीपीजी एक्ट 2025 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रजत कुमार को काबू कर लिया है। एसएचओ ने बताया कि मामले में अन्य आरोपी की भूमिका की गहनता से जांच जारी है तथा ठगी गई राशि की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# वाल्मीकि चौक का होगा जीर्णोद्धार बाबा जीवन सिंह का लगेगा स्टेच्यू

- ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसोसिएशन ने शहर की सुंदरता बढ़ाने की योजना बनाई
- चेयरमैन वीर शांति स्वरूप भट्टी ने एसोसिएशन के फैसले का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑल इंडिया मजहबी सिख वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक चेयरमैन वीर शांति स्वरूप भट्टी के साथ हुई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय कन्वीनर सविंद्र सिंह गिल व हैप्पी सिंह रंगरेटा ने संयुक्त रूप से चेयरमैन शांति स्वरूप को बताया कि काठमंडी रोड पर स्थित वाल्मीकि मंदिर के निकट चौक बना हुआ है, जोकि काफी पुराना व क्षतिग्रस्त हालत में है।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन इस चौक का जीर्णोद्धार कर यहां बाबा जीवन सिंह का स्टेच्यू लगाना चाहती है, ताकि चौक के जीर्णोद्धार के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी चार चांद लगे। जिसपर चेयरमैन ने कहा कि वह एसोसिएशन के इस फैसले का स्वागत करते हैं। चेयरमैन ने कहा कि इससे जहां चौक का जीर्णोद्धार होगा, वहीं शहर की सुंदरता भी बढ़ेगी। इस मौके पर सुखविंदर कौर गिल, हरभजन सिंह, बलकार सिंह सहोता, सविंद्र सिंह खालसा, एडवोकेट अनिल, वरिंद्र सिंह खालसा, जगीर सिंह, बलविंद्र सिंह सोनी खाजा खेड़ा, गुरमीत सिंह सिद्धू इत्यादि मौजूद थे।

# सड़क सुरक्षा अभियान : फतेहाबाद में वाहनों पर लगाए गए रिफ्लेक्टिव टेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत वीरवार को शहर फतेहाबाद में आरटीए कार्यालय द्वारा एक विशेष जागरूकता एवं सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस अभियान की अध्यक्षता आरटीए सचिव संजय बिश्नोई ने की। अभियान के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और विशेषकर धुंध के मौसम में वाहन चालकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई। अभियान में सहायक सचिव रिशिपाल, परिवहन निरीक्षक विकास ठकराल, उप-परिवहन निरीक्षक शिल्पा सहित अन्य टीम सदस्यों ने भूना चौक, अनाज मंडी, बस स्टैंड व जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली, ई-रिक्शा, ऑटो-रिक्शा सहित विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए। इस अवसर पर वाहन चालकों को रिफ्लेक्टिव टेप के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि धुंध व कम दृश्यता के समय यह टेप दूर से ही वाहनों की पहचान कराने में सहायक होती है, जिससे सामने से आने वाले वाहन चालक सतर्क हो जाते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना कम होती है। आरटीए अधिकारियों ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा में सहयोग करने की अपील की।


**फतेहाबाद।** वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाते हुए आरटीए टीम सदस्य।


**हांसी।** संयुक्त कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण करते एसडीएम राजेश खोथ।

### संयुक्त कार्यालय परिसर का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने गुरुवार को संयुक्त कार्यालय परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, विभिन्न विभागों के कार्यालयों की कार्यप्रणाली तथा कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। एसडीएम खोथ ने सबसे पहले साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से साफ सफाई करवाते रहें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि यहां आने वाले नागरिकों के लिए भी आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम खोथ ने कार्यालयों में जाकर हाजिरी रजिस्टर चेक किए तथा निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि कार्यालय समय में अनुपस्थिति किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### श्री राधे निष्काम सेवा मंच ने बांटी जर्सियां

**सिरसा।** श्री राधे निष्काम सेवा मंच के तत्वावधान में थेहड़ मोहल्ला स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी के प्रकोप से बचाने के लिए जर्सियां वितरित की गई। सेवा प्रकल्प के मुख्य प्रेरक सुमन मित्तल ने बताया कि विवेक सिंगल तथा शरद सिंह ने अपनी कंपनी की तरफ से मंच को जर्सियां उपलब्ध करवाई। उन्होंने कंपनी के निर्देशक मंडल का इस सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंबई की कंपनी द्वारा जिले के छोटे-छोटे बच्चों के लिए सेवा कार्य करना गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे अपने अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करें तथा बच्चों की अन्य आवश्यकताओं का ध्यान मंच द्वारा रखा जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को सफाई व पर्यावरण की महत्ता की जानकारी दी।

# वर्क फ्रॉम होम के नाम पर 13.39 लाख रुपये की साइबर ठगी

## एक आरोपी गिरफ्तार, एक लाख की राशि बरामद

- 15 सितंबर 2023 को एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम/ऑनलाइन टास्क के नाम पर की गई बड़ी साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में 13.39 लाख की ठगी हुई थी।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक सौरभ ने बताया कि इस वर्ष 15 सितंबर 2023 को एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 5 अगस्त 2023 को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई, जिसमें इंस्टाग्राम पेज लाइक व फॉलो करने के बदले पैसे कमाने का लालच दिया गया। प्रारंभ में छोटे-छोटे टास्क पूरे करवाकर विश्वास में लिया गया तथा कुछ रकम वापस भी की गई। इसके पश्चात क्रिप्टो करेंसी में निवेश, ग्रुप टास्क, राशि फ्रीज होना, अनफ्रीज कराने के नाम पर बार-बार निवेश, क्रेडिट स्कोर बढ़ाने और टीडीएस जमा कराने जैसे बहानों से अलग-अलग बैंक खातों व यूपीआई आईडी के माध्यम से शिकायतकर्ता से कुल 13 लाख 39 हजार 102 रुपये की ठगी की गई। जब शिकायतकर्ता को ठगी का आभास हुआ तो उसने 1930 हेल्पलाइन पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई, जिस पर साइबर थाना ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण व साक्ष्यों के आधार पर पंजाब के फाजिल्का निवासी साहिल को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मुख्य साइबर ठगों को कमीशन के आधार पर बैंक खाता उपलब्ध करवाया था। इसके माध्यम से ठगी की राशि का लेन-देन किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपये भी बरामद किए हैं।

# डीसी ने ली चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक

- अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिले में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। इसी प्रकार से जिला न्यायवादी कार्यालय चिन्हित अपराध के मामलों में कोर्ट में ठोस तरीके से पैरवी सुनिश्चित करें। वे वीरवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में चिन्हित अपराध की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि चिन्हित अपराध के तहत जिले के सनसनीखेज मामलों का चुनाव किया जाता है। इसके अतिरिक्त कमर्शियल मात्रा के एनडीपीए मामले भी चिन्हित अपराध की श्रेणी में आते हैं। अदालत में चल रहे चिन्हित अपराध के मामलों में ठोस पैरवी के चलते दोषियों को सजा दिलवाने में सफलता मिल रही है। हाल ही में 29 मामलों में दोषियों को सजा दिलवाई गई है। फिलहाल 75 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। बैठक में एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला न्यायवादी दीपक लेघा सहित पुलिस विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बालदिवस पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला बाल कल्याण विभाग द्वारा बाल दिवस पर आयोजित गतिविधियों में जिलेभर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाथूसरी चोपटा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है, बल्कि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वे शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ सकें। प्राचार्य शिखा विजेंद्र गोदारा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र-छात्राओं का समान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संबंधित शिक्षकों यूजिक इंचार्ज सुरेश कुमार और अभिभावकों के योगदान की भी सराहना की, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से बच्चों ने यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने बाल कल्याण विभाग का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि जिला बाल कल्याण बाल भवन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नाथूसरी चोपटा के बच्चों ने समूहगान देशभक्ति प्रतियोगिता में जिले भर में तृतीय स्थान प्राप्त करने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विशेष रूप से निष्ठा, गार्गी, इक्षिता, अंशुका, आरजू, आंचल, देवांसी, खुशहाल, मेघना, इसी प्रकार कंसोलेशन प्राइस में छात्रा अनुष्का को जिला बाल कल्याण समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सतीश कुमार ख्यालिया, डॉ. रामजी जयमल, अनिल कुमार ढिढारिय आदि मौजूद रहे।


**सिरसा।** बाल दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

**बैठक** चौ. देवीलाल विवि में शोभा देवी रामानंद बंसल भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की बोर्ड बैठक

# विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत से जोड़ना समय की मांग

कुलपति प्रो. विजय कुमार ने केंद्र के माध्यम से अकादमिक शोध व समाज सेवा को जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी शिक्षा प्रणाली की आत्मा है। संस्कृत जैसे मूलभूत विषयों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत से जोडऩा समय की आवश्यकता है।

कुलपति प्रो. विजय कुमार गुरुवार को सीडीएलयू में शोभा देवी रामानंद बसंल भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र की सलाहकार बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि यह केंद्र न केवल अकादमिक शोध को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समकालीन संदर्भों से जोडऩे में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने निदेशक को निर्देश दिए कि इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं को पहचान कर उनके निवारण की जागरूकता के साथ-साथ परंपरागत ज्ञान प्रणाली से समाज को अवगत भी करवाना होगा। बैठक के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक आधारभूत पाठ्यक्रम की शुरुआत करने का निर्णय लिया गया। इस कोर्स का संचालन संस्कृत भारती के सहयोग से होगा और संस्कृत के व्यवहारिक पक्ष पर यह कोर्स केंद्रित होगा।

हिमाचल प्रदेश, सेंट्रल यूनिवर्सिटी कांगड़ा से प्रो. भाग चंद चौहान ने भारतीय ज्ञान प्रणाली बेस्ड शोध प्रोजेक्ट्स तैयार करने के साथ-साथ लुप्त होती संस्कृति के लिए कार्य करने पर जोर दिया। बैठक में शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. सुशील कुमार, केंद्र की निदेशक डॉ. संजू बाला, प्रो. पंकज शर्मा, जेएनयू नई दिल्ली के प्रो. मनीष कश्यप, शोभा देवी रामानंद बंसल फाउंडेशन की तरफ से डॉ कुमुद बंसल व अरविंद बंसल आदि मौजूद रहे।


**सिरसा।** बैठक को संबोधित करते कुलपति। फोटो : हरिभूमि

### कुलपति ने यह भी कहा

कुलपति ने कहा कि मोबाइल के एडिक्शन से पीड़ित विद्यार्थियों को मोबाइल के चुंगल से निकलकर बेहतर नागरिक बनाना होगा। 'बचपन लौटाओ 16 वर्ष से नीचे कोई बच्चा मोबाइल का प्रयोग नहीं करेगा' जैसे नारों के माध्यम से जनजागरण करना आज समय की मांग है। बैठक में केंद्र के लिए यूनिवर्सिटी नियमों अनुसार पुस्तक खरीदने पर भी चर्चा हुई। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर अलग-अलग विभागों में सेमिनार तथा कार्यशाला भी आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# एसपी की खरी-खरी, नशा बिकता मिला तो थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज दोनों नपेंगे

## नशा तस्करों व सजायाफ्ता अपराधियों की प्रॉपर्टी अटैच करें : सहारण





सिरसा। पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी दीपक सहारण तथा प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते पुलिस अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने पुलिस कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी थाना या पुलिस चौकी के इलाके में नशा बिकेगा या उसके इलाके में किसी भी प्रकार की आपराधिक वारदात हुई तो थाना प्रभारी के साथ संबंधित बीट इंचार्ज भी नपेगा। उन्होंने कहा कि जिले में नशे की डिमांड को खत्म करना पुलिस की प्राथमिकता है। एसपी ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आमजन का सहयोग लेकर नशा तस्करों को जड़ मूल से खत्म करने का संकल्प लें। एसपी दीपक सहारण गुरुवार को सिरसा में पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में मौजूद थाना प्रभारियों से कहा कि विभिन्न आपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संपति विरुद्ध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य आपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए।

### स्पेशल जुवेनाइल के तहत बच्चों से जुड़े कानूनों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

■ पोक्सो, जेजे एक्ट व बाल संरक्षण कानूनों को लेकर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सिरसा।** स्पेशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट के तहत वीरवार को स्थानीय जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस विभाग के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों से जुड़े कानूनों, उनके अधिकारों तथा संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस (जेजे) एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम, गोद लेने की प्रक्रिया, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने में पुलिस, प्रशासन और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने और कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चलाई जा रही निशुल्क कानूनी सहायता योजना के बारे में भी जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसे रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर जानकारी दी। वहीं जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. गुरप्रीत कौर ने अडोप्शन, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर स्कीम के तहत बच्चों के पुनर्वास और संरक्षण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में अधिवक्ता बलबीर कौर गांधी ने पोक्सो एक्ट पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के संरक्षण संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी। अधिवक्ता हिमांशु मेहता ने जेजे एक्ट के अंतर्गत संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों से जुड़े प्रावधानों को विस्तार से समझाया। अधिवक्ता केएस गिल ने निशुल्क कानूनी सहायता के अधिकार और उसकी प्रक्रिया के बारे में बताया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन डॉ. मदन लाल, जिले के सभी थानों से थाना प्रभारी, स्पैशल जुवेनाइल पुलिस यूनिट के सदस्य, बाल कल्याण समिति के अन्य सदस्य, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य तथा जिला बाल संरक्षण इकाई से संतोष बैनीवाल, काउंसलर कविता शर्मा, प्रदीप कुमार और पैनल एडवोकेट दविंद्र कौर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सीएम विंडो की शिकायतों का तुरंत समाधान करें

एसपी ने थाना प्रभारी, जांच अधिकारियों तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों से कहा कि पीएम विंडो,सीएम विंडो व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजे तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीडित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित समझें। उन्होंने कहा कि जिला सिरसा की सीमाओं के साथ राजस्थान व पंजाब राज्य की सीमाएं लगती है इसलिए बोर्डर एरिया पर स्थापित किए गए नियमित नाकों के अलावा अन्य मार्गो पर भी औचक नाकाबंदी कर आने जाने वाले लोगों तथा वाहनों की बारीकी से चेकिंग करें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने कहा कि थाने के रिकॉर्ड को पूरी तरह कंप्यूटरीकृत एवं अपडेट रखें तथा उच्च अधिकारियों द्वारा मांगे गए जबाव सही समय पर भेजना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने थाने के साइबर हेल्प डेस्क तथा महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा,किसी कोताही को सहन नहीं करेंगे।



सिरसा। बैठक में भाग लेते सेवानिवृत्त कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# कर्मचारियों की पेंशन हो आयकर मुक्तः सैनी

■ कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज की पेंशनर डे पर बैठक हुई। प्रदेश उप प्रधान गुरदीप सिंह सैनी, जिला प्रधान राजेंद्र मोहन गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा की मासिक बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। पेंशनर डे के अवसर पर 80 वर्ष से ऊपर के सेवानिवृत्ति पांच कर्मचारियों विजय पाल सिंह सैनी, रामजी लाल सिंगाठिया, जगदीश सुरी, सुदर्शन गुप्ता, घनश्याम दास शर्मा को पेंशनर समाज की तरफ से शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ. मदन लाल, बलवंत सिंह रिटायर्ड हेडमास्टर, गुरमीत कौर को विशेष तौर पर स्मृति चिह्न देखकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन डॉ. मदन लाल ने बाल विकास विभाग की स्पॉन्सरशिप स्कीम के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि हम किस प्रकार विद्यार्थियों को लाभ पहुंचा सकते हैं। गुरमीत कौर ने मेडिटेशन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी और उन्होंने मेडिटेशन की विधि के बारे में बताया। इस अवसर पर रमेश पुरी, श्रीराम निरणियां, जगमिंद्र सिंह, केवल कृष्ण सोनी, आरसी लिंबा, नेक चंद, प्रमोद मोहन गुप्ता, अतुल्य जोशी, सीताराम खत्री, बलवंत सिंह, रामेश्वर लाल, बाज सिंह, रघुबीर सिंगला, मंगत राम, कुलवंत सिंह, इकबाल सिंह, गुरजंट सिंह आदि मौजूद थे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एलटीसी का लाभ दिया जाए

हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज के सदस्यों ने मांग उठाई कि पेंशनर्स को 65, 70 व 75 वर्ष आयु उपरांत 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की जाए, मेडिकल भत्ता 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया जाये। फेमिली पेंशनर्स को भी एलटीसी का लाभ दिया जाए। कोरोना काल का रोका गया 18 महीने का बकाया ब्याज सहित दिया जाए। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा तुरंत लागू की जाए। 8वें पे कमीशन में परिवार की परिभाषा में सदस्यों की संख्या तीन के बजाय माता-पिता को शामिल कर 5 सदस्य मानी जाए। सरकारी कर्मचारियों की पेंशन को आयकर से मुक्त किया जाए। कॉम्यूटेशन की राशि 15 वर्ष की बजाय 11 वर्ष में काटी जाए।

## खबर संक्षेप

### एनएसएस स्वयंसेवकों का किया मार्गदर्शन

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को एक दिवसीय एनएसएस शिविर लगाया गया। शिविर में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार, पूनम लोहान, सुरेश गिरी के साथ-साथ तीनों यूनिट्स के स्वयंसेवक मौजूद थे। कार्यक्रम अधिकारी सुरेश गिरी ने विद्यार्थियों को एनएसएस के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एनएसएस लोगो, एनएसएस मोटो सहित अनेक प्रकार की चित्रकारी चार्ट पर उकेरी। शिविर के अंत में स्वयंसेवकों को जलपान करवाया गया।

### भजन संध्या से होगा नववर्ष का स्वागत

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम धाम मंदिर में नववर्ष 2026 का आगाज धार्मिक आयोजन से होगा। इस अवसर पर संस्था की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही है। रानियां रोड स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में एक जनवरी की शाम 8 बजे भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। सुबह आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। भजन संध्या में कोलकाता से पधारे शिवम पंसारी अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृतवर्षा कर भक्तों को रिझाएंगे। मंदिर के प्रवक्ता दिपेश गोयल ने बताया कि इस अवसर पर बाबा खाटू श्याम का भव्य सिंगार होगा, भव्य आरती होगी।

# एथलेटिक्स में गोल्ड जीतने पर सतपाल का स्वागत

■ राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में कार्यरत गणित अध्यापक सतपाल सिंह ने 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में जीते स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



सिरसा। पदक विजेता अध्यापक सतपाल का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चाहरवाला में कार्यरत गणित अध्यापक सतपाल सिंह ने 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित की गई। सतपाल सिंह ने डिस्कस थ्रो एवं हैमर थ्रो स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक, जबकि शॉट पुट में रजत पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार सचदेवा, प्रधानाचार्य सतबीर एवं प्रधानाचार्य रमेश कुमार द्वारा सतपाल सिंह को पदक एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सदस्य डीपीई पृथ्वी सिंह, विजय भार्गव, रविंद्र सिंह, मोहन लाल, सुलेन्द्र, सलीम, प्रहलाद माहिया, प्रहलादराय, सुनीता, शारदा, मनीष, राजेश आदि मौजूद रहे।

# यूथ कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ कांग्रेसी बोले, बदले की भावना से काम कर रही सरकार

यूथ कांग्रेस ने वीरवार को भाजपा कार्यालय के निकट रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भाजपा कार्यालय जाने से पहले ही रोक लिया। इस दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि भाजपा सालों से बदले की राजनीति करती आई है। भाजपा ने बदले की राजनीति के चलते ही सोनिया गांधी व राहुल गांधी पर झूठा मुकदमा दर्ज करवाया, जिसमें पार्टी की जीत हुई। उन्होंने कहा कि इस केस में सत्य की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। गोविंद सिंह ने कहा कि कोर्ट ने यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को अवैध और दुर्भावनापूर्ण करार दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि ईडी के पास इस मामले में न तो कोई वैध एफआईआर है और न ही क्षेत्राधिकार। ऐसे में जांच की कार्रवाई कानून के दायरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि कोर्ट का यह फैसला भाजपा सरकार की कथित बदनीयती और गैरकानूनी कार्रवाई का खुलासा है। इस मौके पर नवदीप कंबोज, सतीश खिचड़, आनंद भांभू, भारत नेहर, पंकज खारिया, परमवीर जैन, शिवराज रानियां, मोहित, लाखी ओढ़ां, मनमोहन गोयल सहित अन्य यूथ कार्यकर्ता मौजूद थे।



सिरसा। यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए।



सिरसा। ग्राहक मिलन समारोह में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### तनिष्क सिरसा में ग्राहक मिलन समारोह का भव्य आयोजन

■ ग्राहकों ने कहा कि यह सिर्फ एक शोरूम नहीं, परिवार है।

**सिरसा।** टाटा समूह के प्रतिष्ठित ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क ने अपने सिरसा स्थित शोरूम में ग्राहकों के लिए एक विशेष 'ग्राहक मिलन समारोह' का आयोजन किया। यह कार्यक्रम न केवल एक मुलाकात तक सीमित रहा, बल्कि इसने ग्राहकों और ब्रांड के बीच के रिश्तों को एक नई मजबूती दी। आयोजन की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पारंपरिक स्वागत के साथ हुई। शोरूम का माहौल उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर था। इस मौके पर विशेष रूप से 'रिश्तों की चमक' थीम पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों के लिए तंबोला, क्विज़ और म्यूजिकल गेम्स जैसी कई मनोरंजक गतिविधियां रखी गईं, जिनका महिलाओं और बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

# घुसपैठियों को डिलीट करना ही एसआईआरः रामराजी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ कांग्रेस एसआईआर पर झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही : भाजपा नेता

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामराजी शर्मा ने कहा कि एसआईआर देश में पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जरूरी है, लेकिन कांग्रेस एसआईआर पर झूठा भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। रामराजी शर्मा ने जारी बयान में कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस का असली मकसद अवैध घुसपैठियों को मतदाता सूचियों में बनाए रखना है, जिसे भाजपा कभी भी पूरा नहीं होने देगी। भाजपा की घुसपैठियों के लिए सख्त पॉलिसी डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट है। वही विपक्ष की पॉलिसी है घुसपैठियों को सामान्य बताकर मतदाता सूची में मान्यता देना है। शर्मा ने कहा कि अनुच्छेद 325 का प्रावधान है कि किसी भी पात्र मतदाता को मतदाता सूची से बाहर नहीं रखा जाए। अनुच्छेद 326 मताधिकार को परिभाषित करता है।

जिसकी पहली शर्त यह है कि मतदाता भारत का नागरिक होना चाहिए और विदेशी नहीं होना चाहिए। विपक्ष ने एकतरफा चार महीने से झूठ फैला रहा रखा है और देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो अच्छा हुआ कि सदन में चुनाव सुधार पर चर्चा हो गई और कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन की झूठ की पोल खुल गई। संविधान ने फ्री एंड फेयर चुनाव कराने, मतदाता सूची बनाने और मतदाता सूची में सुधार करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग को दी है। एसआईआर के सही मायने के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि मृत्यु होने या दो जगह पर मतदाता होने पर नाम काटना, 18 वर्ष की आयु होने पर नाम जोडऩा और घुसपैठियों को चुन-चुन कर डिलीट करना ही एसआईआर है। मतदाता सूची का शुद्धिकरण करने का सीधा-सीधा मतलब है घुसपैठिये पीएम और सीएम का चुनाव कर, देश को असुरक्षित न बना पाएं।

# मासूम के हत्यारों को मिले फांसी की सजाः कृष्णा फौगाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ महिला कांग्रेस ने बच्ची की हत्या मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग

जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष कृष्णा फौगाट ने डबवाली में 4 साल की मासूम बच्ची की अपहरण के बाद हत्या किए जाने संबंधी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। फौगाट ने इस घटना को पुलिस की घोर लापरवाही व प्रशासनिक संवेदनहीनता बताया है। कृष्णा फौगाट ने जारी बयान में कहा कि परिजनों द्वारा समय पर छोटी बच्ची के अपहरण की शिकायत और वीडियो फुटेज देने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और बच्ची को तत्काल तलाशने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंनेकहा कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही व सुस्ताऊ कार्रवाई के कारण ही मासूम की जान नहीं बच सकी और उसका शव एक रजवाहे में मिला, जो सीधे तौर पर पुलिस विभाग व सिस्टम के मुंह पर तमाचा है। फौगाट ने प्रदेश के गृहमंत्री और मुख्यमंत्री तथा हरियाणा पुलिस के महानिदेशक से सवाल करते हुए कहा कि आखिरकार कब तक इस प्रकार की दिल को झकझोर देने वाली घटनाएं होती रहेंगी। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पुलिस प्रशासन उचित कार्रवाई करती तो वारदात नहीं होगी।

### राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में डीपीएस ने लहराया परचम

■ हिंदी एवं संस्कृत समूहगान में छाए विद्यार्थी

**सिरसा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हिंदी एवं संस्कृत राष्ट्रीय स्तर की समूहगान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला को गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता बीती 14 दिसंबर को मध्यप्रदेश के ग्वालियर में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आई 10 चयनित टीमों ने भाग लिया। उत्कृष्ट सामूहिक समन्वय एवं शास्त्रीय अनुशासन के कारण विद्यालय की टीम को प्रथम पुरस्कार से अलंकृत किया गया। इसमें मुख्यातिथि सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुण कुमार मिश्रा थे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। विद्यालय आगमन पर विजेता विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रमा दहिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विजय केवल डीपीएस सिरसा की नहीं, बल्कि सिरसा और पूरे हरियाणा की सांस्कृतिक चेतना की विजय है। इन विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि साधना, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर भी श्रेष्ठता प्राप्त की जा सकती है।

**संगोष्ठी** माता हरकी देवी कॉलेज में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

# प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित करने का कार्य शिक्षकों व शिक्षार्थियों का : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां



पुस्तिका का विमोचन करते अतिथि।

माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय व माता हरकी देवी महिला महाविद्यालय ओढ़ा द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के एक महत्वपूर्ण पहलू भारतीय ज्ञान परंपरा व इसकी भविष्य संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार जबकि मुख्य वक्ता के तौर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल से प्रो. भाग चंद चौहान शामिल हुए। इस संगोष्ठी के तकनीकी सत्रों पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के शैक्षिक तकनीकी व वोकेशनल एज्युकेशन की चेयरपर्सन डॉ. अमृतपाल कौर, गुरूनानक कालेज किलियांवाली के प्राचार्य डॉ. सुरिंद्र सिंह ठाकुर व ग्रामोत्थान विद्यापीठ संगरिया से डॉ. जेडी.सिंह में बतौर संसाधन वक्ता के रूप में मौजूद थे। संगोष्ठी में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व अन्य राज्यों से 300 से अधिक शिक्षाविदों, अनुसंधानकर्ताओं व शिक्षार्थियों ने अपने लेख व शोध-पत्र प्रस्तुत किए। माता हरकी देवी महिला शिक्षा महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता कमेटी द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी इस सेमिनार में किया गया।

### शिक्षा प्रणाली पर चर्चा

मुख्यातिथि प्रो. विजय कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े व प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को फिर से स्थापित करने का कार्य शिक्षकों व शिक्षार्थियों का है। विभिन्न महाविद्यालयों ने अपनी प्रेजेंटेशन में इंडियन नॉलेज सिस्टम के शिक्षा प्रणाली में महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे इंडियन नॉलेज सिस्टम के माध्यम से छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के बारे में सिखाया जा सकता है। महाविद्यालय की प्रबंध निदेशक आनंद द्वारा विभिन्न स्थानों से आए रिसोर्स पर्सन, प्रिंसिपल को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### प्राचीन शनिधाम में भंडारा और तेल स्नान कल

■ मीठे गुलगुले एवं पकौड़ों का भोग लगाया जाएगा

**सिरसा।** पौष मास की अंतिम अमावस्या एवं मलमास पर प्राचीन श्री शनिधाम मंदिर में प्रसाद वितरण एवं तेल स्नान का आयोजन किया जाएगा। आगामी 20 दिसंबर को प्रातः भगवान शनिदेव की विधिवत पूजा की जाएगी और तेल स्नान प्रारंभ होगा। शनिवार प्रातः सवा सात बजे तक अमावस्या है, इसलिए सुबह के समय भगवान को प्रसाद का भोग लगाया जाएगा और प्रभु इच्छा तक प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री शनिदेव मंदिर चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव एवं चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि मलमास में दान पुण्य का विशेष महत्व है। मलमास के चलते इस बार भगवान शनिदेव जी को मीठे गुलगुले एवं पकौड़ों का भोग लगाया जाएगा। पौष मास की अंतिम अमावस्या एवं नववर्ष के आगमन के उपलक्ष्य में समस्त लोक की मंगल कामना व सुख समृद्धि के लिए भगवान शनिदेव से प्रार्थना की जाएगी। शाम को भगवान शनिदेव जी की मंगल आरती होगी। उन्होंने बताया कि शनि भक्तों के सहयोग से मंदिर का जीणोद्धार कार्य जारी है और वर्तमान में मुख्य द्वार का निर्माण चल रहा है।